अंडर-17 भारतीय फुटबॉल टीम की कप्तान अष्टम उराँव के नाम से गुमला के गोर्राटोली गाँव में बनेगा स्टेडियम

चर्चा में क्यों?

11 अक्टूबर, 2022 को झारखंड के गुमला ज़िले की डीएसओ हेमलता बून ने बताया कि गुमला ज़िले के गोर्राटोली गाँव में फीफा वर्ल्ड कप अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान अष्टम उराँव के नाम से स्टेडियम बनाया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि फीफा वर्ल्ड कप अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान अष्टम उराँव राज्य के गुमला ज़िले के गोर्राटोली गाँव की रहने वाली है।
- हेमलता बून ने बताया कि अष्टम उराँव का इंडिया टीम का हिस्सा बनने के बाद बनारी गोर्राटोली क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिये गाँव में नया स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके लिये स्टेडियम का डीपीआर भी तैयार हो गया है।
- उन्होंने कहा कि गोर्राटोली गाँव में अष्टम उराँव के नाम से पीसीसी सड़क का निर्माण किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/stadium-to-be-built-in-gorratoli-village-of-gumla-in-the-name-of-u-17-indian-football-team-captain-ashtam-oraon